# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796


**क्रमांकः प.14(159)RSSB/अर्थना/प्र.सु.वि/च.श्रे.क/2024/** **दिनांक : यथाहस्ताक्षर**

**<u>–:: प्रेस विज्ञप्ति ::–</u>**

**<u>चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती –2024</u>**

बोर्ड द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती–2024 हेतु दिनांक 12.12.2024 एवं संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 05.03.2025 को जारी कर योग्य अभ्यर्थियों से **<u>दिनांक 21.03.2025 से दिनांक 19.04.2025 तक</u>** ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती–2024 के पदों पर परीक्षा दिनांक 19.09.2025 से 21.09.2025 तक आयोजित करवाई जा चुकी है।

बोर्ड द्वारा जारी विज्ञप्ति की बिन्दु संख्या 17(ii) ऑनलाईन आवेदन में संशोधन प्रक्रिया के अनुसार उक्त भर्ती में अभ्यर्थियों के ऑनलाईन आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार हेतु **दिनांक 06.10.2025 से दिनांक 16.10.2025** को 23.59 बजे तक ऑनलाईन संशोधन हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।

ऑनलाईन आवेदन में अभ्यर्थी **OTR** मे दर्ज सूचनाओं, फोटो, हस्ताक्षर एवं शैक्षणिक योग्यता के अतिरिक्त अन्य सूचनाओं में निर्धारित रू. 300/–का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन कर सकेंगे। इस दौरान अभ्यर्थी अपनी विभागों की प्राथमिकता क्रम में भी संशोधन कर सकेगें।

उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा कोई संशोधन नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। आवेदन मे संशोधन हेतु बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

**नोटः– अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र को पुनः ध्यान से देख लेवें। विशेषकर श्रेणी, उप श्रेणी, प्राथमिकता क्रम, वैवाहिक स्थिति, टीएसपी क्षेत्र, इत्यादि में त्रुटि रहने से परीक्षा परिणाम पर प्रतिकूल प्रभाव होते है। अतः अभ्यर्थी इस दौरान आवश्यक संशोधन कर लेवें। इसके पश्चात् कोई अवसर नही दिया जावेगा।**

**(डॉ बी. सी. बधाल)**
**सचिव**

**<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–</u>**

**क्रमांकः प.14(159)RSSB/अर्थना/प्र.सु.वि/च.श्रे.क/2024/** **दिनांक : यथाहस्ताक्षर**

1. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, शासन सचिवालय, जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को दैनिक समाचार पत्र ''दैनिक भास्कर'',''राजस्थान पत्रिका'' के राजस्थान राज्य के समस्त नवीनतम संस्करणों में प्रकाशित कराने का श्रम करावें।
2. प्रभारी अधिकारी आई0टी अनुभाग, RSSB जयपुर को प्रेस विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।

**सचिव**

Signature Not Verified
Digitally Signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date :07-10-2025 03:39:04

RajKaj Ref No.: 18180676
eSign DSC